हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–161 : जौनपुर, शनिवार 25 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष के आचरण ने सदन की गरिमा को तार–तार किया –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सदन में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को जमकर निशाने पर लिया। बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सपा को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि जो लोग मातृशक्ति की प्रतीक राज्यपाल महोदया का सम्मान नहीं कर सकते, उनसे प्रदेश की आधी आबादी के सम्मान की उम्मीद रखना बेमानी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 फरवरी को राज्यापल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने जिस प्रकार का आचरण किया वो सदन की गरिमा को तार तार करने वाला था। उन्होंने सपा सरकार के दौरान हुए स्टेट गेस्ट हाउस कांड और पूर्व सीएम मुलायम सिंह के 'बच्चे हैं गलतियां हो जाती हैं' के बयान की याद दिलाते हुए विपक्ष को जमकर खरीखोटी सुनाई। मातृशक्ति के प्रति विपक्ष को सम्मान दिखाना चाहिए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक राज्य में संवैधानिक प्रमुख सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करता है। ये केवल यूपी में नहीं पूरे देश में होता है। यही हमारी संसदीय परंपरा है। मातृशक्ति के प्रति विपक्ष को सम्मान दिखाना चाहिए था। सरकार से सहमति और असहमति के लिए सदन है, मगर विपक्ष ने अपने अशिष्ट आचरण से सदन की गरिमा को तार तार किया है। जब एक महिला राज्यपाल सदन को संबोधित कर रही हों, उस वक्त नारे लगाकर हम देश को क्या संदेश देना चाहते हैं। जो एक राज्यपाल का सम्मान नहीं कर सकते हैं, उनसे कैसे उम्मीद की जाए कि वो आधी आबादी का सम्मान करेंगे। आचरण उनका उस समय सामने आया था जब स्टेट गेस्ट हाउस कांड हुआ था, आचरण उनका उस समय भी सामने आया था, जब कहा गया था कि लड़के हैं गलती कर देते हैं। जनता को नहीं, अपने कारनामों को दोष दें नेता सदन उन्होंने कहा कि ऐसा कोई दल नहीं है जो प्रदेश की सत्ता में ना रहा हो। मगर विपक्ष के कारनामों को देखकर जनता ने उन्हें ठुकरा दिया। सीएम ने कहा कि नेता विरोधी दल को अपने कारनामों को दोषी ठहराना चाहिए ना कि जनता को। उन्होंने कहा कि यूपी जिन जिन उपलब्धियों में नंबर एक स्थान प्राप्त किया, उन उपलब्धियों के बारे में हमें गौरव होना चाहिए। मगर विपक्ष को इस बात में गौरव की अनुभूति होती है कि कैसे ये बताया जाए कि यूपी पिछड़ा है, बीमारू है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब इनका शासन था तब ये कुछ कर नहीं पाए। आज डबल इंजन की सरकार ने स्पीड के साथ योजनाओं को बिना भेदभाव धरातल पर उतारा है। हर सदस्य को प्रदेश की उपलब्धि पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। मगर विपक्ष में सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक–एक करके उन सभी क्षेत्रों को इंगित किया, जिसमें प्रदेश पूरे देश में शीर्ष स्थान पर मौजूद है। विरासत में सत्ता तो मिल सकती है, बुद्धि नहीं: योगी उन्होंने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि शक्ति मिलना तो आसान है, मगर बुद्धि मिलना कठिन। विरासत में



सत्ता तो मिल सकती है, मगर बुद्धि नहीं मिल सकती है। विपक्ष ने हमेशा से जाति, मत और मजहब के नाम पर लोगों को बांटा है। हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं तब विपक्ष जाति की बात करता है। हम शौचायल, मकान, रोजगार, सिंचाई, किसान की उपज, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, परंपरागत उद्यम की बात करते हैं, मगर विपक्ष केवल जाति की बात करता है। सपा शासनकाल को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तब यूपीपीएससी की परीक्षा में एसडीएम के 86 पदों में से 56 पर एक जाति विशेष के लोगों की भर्ती की गयी। ऐसे लोग आज सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं। किसी से छिपा नहीं है कि उस समय युवाओं के साथ कितना भेदभाव होता था। पुलिस भर्ती और चयन आयोगों में क्या होता था किसी से छिपा नहीं है। प्रदेश में हर वक्त नया महाभारत रचने के लिए विपक्ष तलाशता है मौका मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष बस अवसर तलाशता है कि कैसे एक नया महाभारत रचा जाए। विपक्ष जनता को केवल भरमाने का काम करता। केवल एक जाति विशेष को छोड़कर विपक्ष को अन्य जातियों के बारे में पता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि वनटांगिया, कोल, सहरिया, धारू, चेरो, बुक्सा इन जातियों के बारे में नेता विरोधी दल को पता ही नहीं होगा, उन्हें बस एक ही जाति के बारे में पता है। इतना ही नहीं जब हम राष्ट्रगौरव की, सरदार पटेल की और राष्ट्रीय एकता की बात करते हैं, तब ये जिन्ना का महिमामंडन करते हैं। इन्हें राष्ट्र को जोड़ने वाले और तोड़ने वालों में कोई अंतर नहीं दिखता है। लाखों करोड़ का निवेश हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर मुहर मुख्यमंत्री ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को टीम वर्क का शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि टीम यूपी ने दुनिया के 16 देशों के 21 शहरों में और देश के नौ शहरों में रोड शो किया। यही कारण है कि यूपी में निवेश की एक भारी राशि आई है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर 2014, 2017, 2019 और 2022 में यूपी की जनता ने हमें जनादेश दिया। ये हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज आया 33.52 लाख करोड़ का निवेश हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर मुहर है। सीएम योगी ने सपा के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उस वक्त इन्वेस्टर्स समिट करने के लिए तब दिल्ली और मुम्बई में आयोजन करना पड़ता था। तब जो उद्यमी इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने यूपी में नहीं आना चाहते थे, वो यूपी में निवेश के लिए कैसे आते।

## मल्हनी विधायक ने जौनपुर जिले को बी श्रेणी में करने की विधानसभा में उठाई मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंल्हनी विधायक लकी यादव ने विधानसभा के बजट सत्र मे महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुयें जौनपुर को सुविधाओं का लाभ मिले जिसके लिए जनपद को ठ श्रेणी में रखने का महत्वपूर्ण मांग किया। जौनपुर को जाम से निजात मिलें इसके लिए पार्किंग बनाने की मांग की वहीं उन्होंने कहा मुख्यमंत्री द्वारा मल्हनी के उपचुनाव में घोषणा किया गया था कि कलीचाबाद समेत तीन पुल को बनवाने का काम किया जाएगा उन्होंने कलीचाबाद पुल का नाम तो बदल दिया लेकिन अभी तक उस पुल पर किसी प्रकार का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ कृपया जनमानस की समस्या को देखते हुए आप द्वारा घोषित सभी पुलों का निर्माण जल्द से जल्द कराने की कृपा करें वहीं उन्होंने बिजली विभाग को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हमने अपने विधायक निधि से दो करोड़ रुपया अपने क्षेत्र में विद्युतीकरण के लिए दिया आज इतना दिन हो गया अभी तक विद्युतीकरण का कोई काम हमारे क्षेत्र में नहीं स्टार्ट हुआ वहीं पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए ‟बक्सा ‟ सिकरारा जो थाने पर बैठकर दलालों के माध्यम से आम जनमानस की थोड़ी सी भी समस्या सुलझाने के लिए पैसे की वसूली



करवाते हैं वहीं रोज राहगीरों की गाड़ी पकड़ कर पैसा लेकर उनको छोड़ने का काम करते हैं इसकी जांच करा कर उन दोनों थानाध्यक्ष पर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें। लालाबाजार शिवगुलामगंज होते हुये करंजाकला जाने वाली सड़क बहुत जर्जर हो चुकी है उसे चौड़ीकरण के साथ बनवाने की कृपा करें वहीं उन्होंने कहा अग्निवीर कांड में सिकरारा व बक्सा के निर्दोष लोगों को फसाया गया है कृपया इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर निर्दोष लोगों को बाहर निकालने का काम करें वहीं उन्होंने मल्हनी बाजार व नौपेडवा बाजार को नगर पंचायत बनाने का माग किया ।

## मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत 25 हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने 25000 रुपये के इनामियां शातिर लुटेरा सत्यम तिवारी पुत्र संतोष तिवारी को किया गिरफ्तार, कब्जे से चौन स्नैचिंग की घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध देशी तमंचा,कारतूस व 1700 रु0 नगद बरामदकिया है ।पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम मे शैलेन्द्र कुमार सिंह ,अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा अतर सिंह क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस गोविन्दासपुर पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी कि मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि दिनांक 22.02.23 को नीभापुर रेलवे क्रासिंग के पास हुई पुलिस मुठभेड़ में अन्धेरे का फायदा उठाकर भागने वाला शातिर अपराधी उसी सफेद अपाचे मोटरसाइकिल से , जिससे दिनांक 19.02.23 को ग्राम धरमपुर के पास महिला को घायल कर चौन छीने थे सुजानगंज की तरफ से आ रहा है उसके पास अवैध हथियार भी है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता हैं ।इस जानकारी पर पुलिस अपने को छिपाते हुए आने वाले अपराधी का इन्तजार करने लगे कि थोड़ी देर में एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी, जिसे हिकमत अमली से रोकने का प्रयास किया तो हम पुलिस वालो को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा थोड़ी दूर दौड़ाकर पकड़ लिया गया । पकड़े गये अभियुक्त का नाम सत्यम तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी भाटका पुरा थाना मछलीशहर जौनपुर का है पकड़े गये



अभियुक्त के पास से एक अवैध देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल एवं कुछ नकदी बरामद हुई जिसे हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। 1.मु0अ0सं0 35/2023 धारा 392/411 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।( ईनामी ) 2. मु0अ0सं0 40/2023 धारा 307/411 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर (ईनामी) 3.मु0अ0सं0 43/2023 धारा 411/413/420/467/468/471 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 4.मु0अ0सं0 44/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 5.मु0अ0सं0 144/2021 धारा 420/467/468/471/489बी/489सी भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर 6.मु0अ0सं0 225/21 धारा 392/411 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 7.मु0अ0सं0 204/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मछलीशहर जौनपुर 8.मु0अ0सं0 124/21 धारा 394 भादवि थाना सुजानगंज जौनपुर 9.मु0अ0सं0 203/21 धारा 394/411/420 भादवि थाना सुजानगंज जौनपुर 10.मु0अ0सं0 146/21 धारा 411/413/414 भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर 11.मु0अ0सं0 31/2020 धारा 3(1) न्च ळ ।छळ ।ब्थाना बरसठी जौनपुर 12.मु0अ0सं0 262/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व धारा 120बी /216ए/307/323/394/411 भादवि थाना बरसठी जौनपुर

## छात्रों शिक्षकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर मे छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर एनएसएस शिविर की शुरुआत की। मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य संस्थापक मोखन राम ने फीता काटकर किया और उन्होंने छात्र–छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं पुरुषों को मतदाता बनने व मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए। इसके बाद शिक्षकों छात्रों ने जफरपुर परशनी ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए रैली लेकर गांव मोहल्लों गलियों में घूम घूम कर लोगों को मतदाता बनने और मतदान करने व उसके मूल्यों के बारे में बताते हुए जागरूक किया ।डा राकेश कुमार ने कहा कि एक अच्छी साफ सुथरी सरकार के लिए सबको वोट करना चाहिए और इस दौरान



उन्होंने गांव गलियों को साफ सफाई के लिए भी बताया। अभियान का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश कुमार सरोज ने किया। इस मौके पर डॉ हरिनारायण प्रजापति, सरवन कुमार, धनवान चौहान,आदर्श मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पी०डी० जयकेश त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गए कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1331 एफ०पी०ओ० बनना शेष है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों का एफपीओ बन जाए। आवास का जियो टैगिंग हो जाए, मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फरवरी तक सभी स्वीकृति का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि 28 फरवरी तक ज्यादा से ज्यादा फॉर्म कलेक्ट कर के आगामी होने वाले सामूहिक विवाह में शादी करवाना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को अवगत कराया के जनपद में सामूहिक विवाह हेतु 1500 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, लक्ष्य को एक सप्ताह के अंदर शत–प्रतिशत पूर्ण कराएं। युवा कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 03 मार्च 2023 को 11 ब्लॉकों में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सांसद खेल प्रतियोगिता में प्रधानों का सहयोग लेते हुए प्रतियोगिता सुव्यवस्थित कराएं। उन्होंने कहा कि गांव–गांव में खेल को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता कराकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी दिया जाए और प्रतियोगिता का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि खेल मैदान में प्रतिमाह एक्टिविटी कराई जाए। ब्लॉक लेवल खेल कंपटीशन कराई जाए। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान पर उस गांव की इतिहास के बारे में भी लिखवाया जाए जिससे गांव के अलावा और लोगों को भी उस गांव के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने समस्त बी०डी०ओ० को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव में दो अमृत सरोवर बनाया जाना है यह कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। मनरेगा लेबर के भुगतान के संबंध में चर्चा करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मनरेगा लेबर का पेमेंट टाइम पर कराया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। ग्राम पंचायत सचिवालय की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अपूर्ण पंचायत सचिवालय का कार्य तेजी से कराते हुए पूर्ण कराया जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि नए सचिवालय कितने बने हैं, कितने बनने बाकी हैं और कितने में कार्य शुरू हो गए है इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लाक मुंगराबादशाहपुर, शाहगंज, जलालपुर के बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं खंड शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, पीडी जयकेश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, शिक्षा विभाग के डी०सी० निर्माण राजा हसन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## एकेटीयू में एमबीए के छात्रों को किया गया प्रशिक्षित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर के एमबीए छात्रों के लिए सीएसआर एक्टिविटी के तहत व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक राय के मार्गदर्शन एवं सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रोफेसर मनीष गौड़ के निर्देशन में



आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में छात्रों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। सीएसआर के प्रशिक्षक रतन उपाध्याय ने छात्रों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर प्रतिस्पर्धा का है। ऐसे में जो छात्र पूरी तरह से तैयार नहीं होगा वह कहीं ना कहीं पिछड़ जाएगा। इसलिए जरूरी है कि छात्र पढ़ाई के दौरान ही खुद को तैयार रखें। उन्होंने छात्रों को स्किल डेवलपमेंट संचार मॉक इंटरव्यू रिज्यूम बनाना शारीरिक व्यवहार सहित अन्य बारीकियों के टिप्स दिए। बताया कि कोई भी कंपनी इंटरव्यू के दौरान अभ्यर्थी के पूरे व्यक्तित्व का परीक्षण करती है। इसलिए ज्ञान के साथ ही व्यक्तित्व का विकास भी बेहद जरूरी है। संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रतिभा शुक्ला ने किया है। इस मौके पर एमबीए के सभी छात्र मौजूद रहे।

## शिक्षकों की समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने गुणवत्ता परक शिक्षा पर दिया जोर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर, गोंडा ।शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह के सात न्याय पंचायत के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापकों की आवश्यक बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरगूपुर में आहूत की गई ।बैठक



में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कई विन्दुओं पर प्रगति की समीक्षा की ।शुक्रवार को फत्तेगढ़ झुरीकुइया, देवतहा, महादेवा कला, भंगहा,परसदा, खरगूपुर इमिलिया के शिक्षकों की बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता,सामुदायिक सहभागिता, एम डी एम, निर्माण,समेकित शिक्षा, एम आई एस की समीक्षा खंड शिक्षा अधिकारी ने की ।बैठक में कालांश पर घंटी बजने, प्रार्थना सभा के आयोजन और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया ।इस मौके पर पवन शुक्ला, देव नन्दन तिवारी,आशुतोष द्विवेदी, सियाराम अर्चना शुक्ला, ब्रजेश शुक्ल सुशीला देवी सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

## शिक्षक ने छात्रा से की छेड़छाड़ विरोध करने पर पीटा : रिपोर्ट दर्ज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा) शिक्षक ने छात्रा से छेड़छाड़ की ।विरोध करने पर छात्रा के साथ हाथापाई भी की। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है ।पुलिस ने आरोपी युवक की तलाश में छापेमारी की है ।हालांकि वह फरार हो गया ।थाना क्षेत्र इटियाथोक के एक गांव निवासी नाबालिग छात्रा श्री बालक भगवान इंटर कॉलेज भटपुरवा में पढ़ने गई थी ।जहां पर इंटर कॉलेज के शिक्षक सूर्य प्रसाद शुक्ला निवासी बेंदुली ने छात्रा को अकेला पाकर उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी की ।इसके अलावा जब छात्रा ने विरोध किया तो हाथापाई भी की ।प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक सूर्य प्रसाद शुक्ला निवासी बेंदुली के खिलाफ छेड़छाड़,मारपीट करने व पाक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है ।पुलिस ग्राम बेंदुली निवासी आरोपी शिक्षक सूर्य प्रसाद शुक्ल की तलाश कर रही है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सत्य का सर्वश्रेष्ठ अभिनंदन यही है कि उसे हम आचरण में लाएं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# नई ऊंचाई पर साझेदारी

भारतीय एनएसए अजीत डोभाल और उनके समकक्ष जेक सुलिवन के बीच वाशिंगटन में क्रिटिकल ऐंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पहल पर हाल में हुआ समझौता अतीत के विपरीत इन संवेदनशील तकनीकों को साझा करने की अमेरिकी इच्छा को दर्शाता है। कई मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद भारत–अमेरिका संबंधों का दायरा बढ़ा है।

मई, 1998 में भारत ने अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए को भनक तक नहीं लगने दी और पोखरण में बिना परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए परमाणु परीक्षण करके खुद को पूर्ण विकसित परमाणु देश घोषित कर दिया। सौ दिनों से भी कम समय में उस ऐतिहासिक घटना को 25 वर्ष हो जाएंगे, जिसने भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान और कद को मौलिक रूप से बदल दिया। जाहिर है, नाराज अमेरिका ने भारत पर कड़े प्रतिबंध लगाए और दोनों देशों के बीच वैज्ञानिक सहयोग पर विराम लग गया। एक–दूसरे के कारणों और चिंताओं को समझने तथा मतभेदों को दूर करने के लिए तत्कालीन भारतीय विदेश मंत्री, जसवंत सिंह और अमेरिकी उप विदेश मंत्री, स्ट्रोब टैलबोट के बीच आठ विभिन्न स्थानों पर 14 दौर की वार्ता हुई थी।

मार्च, 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के भारत आने तक अधिकांश प्रतिबंध हटा लिए गए। हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने तब एक मुहावरा गढ़ा था–भारत–अमेरिका स्वाभाविक साझेदार। बिल क्लिंटन ने एक संस्थागत ढांचा तैयार किया, जो न केवल कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को गहरा और विस्तारित करता, बल्कि सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र को करीब लाने के साथ–साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों (विशेष रूप से जो दुनिया भर के आम लोगों को प्रभावित करते हैं) को संबोधित करने में रणनीतिक सहयोग भी तलाशता। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि भारत–अमेरिका के संबंध कभी बहुत बेहतर नहीं रहे। वाशिंगटन और नई दिल्ली में सत्ता परिवर्तन हुआ है, लेकिन कई मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद भारत–अमेरिका संबंधों का दायरा, स्तर और प्रकृति केवल बढ़ी है।

वर्ष 2000 में, भारत–अमेरिका व्यापार केवल 20 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021–2022 में, भारत–अमेरिका व्यापार ने 119.42 अरब डॉलर को छू लिया है, जो भारत के वैश्विक व्यापार का 11.5 फीसदी है और भारत–चीन व्यापार के 115.42 अरब डॉलर से ज्यादा है। दिलचस्प है कि भारत ने जहां अमेरिका के साथ अपने व्यापार में 32.79 अरब डॉलर का अधिशेष प्राप्त किया, वहीं इसने चीन के साथ 72.9 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया है!

बेशक 1971 में अमेरिका ने पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह याह्या खान का समर्थन किया था, लेकिन अब दोनों देशों ने इतिहास की झिझक दूर करके महसूस किया है कि द्विपक्षीय संबंधों, वैश्विक शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए उनके सहयोग सभी मतभेदों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत–अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता, निस्संदेह एक ऐतिहासिक क्षण था, उसके बाद दोनों देशों ने कई अभूतपूर्व समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो बढ़ते विश्वास और परिपक्वता को दर्शाते हैं।

भारत ने जहां मूलभूत संचार समझौतों (एलईएमओए, सीओएमसीएएसए, और बीईसीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारतीय और अमेरिकी रक्षा बलों के बीच संचार और सहयोग की क्षमता को बढ़ाता है, वहीं अमेरिका ने भारत को एक प्रमुख रक्षा भागीदार बताया है और उसे एसटीए–1 का दर्जा दिया है, जिसके तहत उसे नाटो के बराबर रखा गया है और उच्च प्रौद्योगिकी उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। जाहिर है, दोनों देश रक्षा सहयोग के विस्तार और रणनीतिक साझेदारी के पोषण के पक्ष में हैं। पिछले साल, पहली बार भारत ने अमेरिकी नौसेना के जहाज का रख–रखाव किया।

अमेरिका भारत–प्रशांत क्षेत्र में समुद्री व्यापार के लिए एक खुला, मुक्त और समावेशी क्षेत्र सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संवाद के माध्यम से क्षेत्रीय मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार मानता है। भारत अमेरिका के साथ गठबंधन किए बिना क्वाड का एक सक्रिय सदस्य है।

मई, 2022 में भारतीय और अमेरिकी सरकारों द्वारा हस्ताक्षरित निवेश प्रोत्साहन समझौता भारत में विभिन्न क्षेत्रों में निजी निवेश के लिए अमेरिकी विकास वित्त संस्थानों के निरंतर समर्थन की सुविधा प्रदान करेगा। भारत इंडो–पैसिफिक इकॉनमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के चार स्तंभों में से तीन (कराधान, भ्रष्टाचार विरोध और स्वच्छ ऊर्जा) पर सहमत हो गया है, लेकिन डाटा और गोपनीयता के बारे में उसे आपत्ति है। यह कोई रहस्य नहीं है कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण आई2यू2 (भारत, इस्राइल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात) में भारत को शामिल करने के पीछे अमेरिका का हाथ था, जिसे पश्चिमी क्वाड के रूप में देखा जाता है।

इसी तरह अभी–अभी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय मूल के अमेरिकी कारोबारी और मास्टरकार्ड के पूर्व प्रमुख अजय बंगा को विश्व बैंक के प्रमुख के पद के लिए मनोनीत किया है। भारतीय एनएसए अजीत डोभाल और उनके समकक्ष जेक सुलिवन के बीच वाशिंगटन में क्रिटिकल ऐंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीईटी) पहल पर हाल में हुआ समझौता अतीत के विपरीत इन संवेदनशील तकनीकों को साझा करने की अमेरिकी इच्छा को दर्शाता है। अगर इसे आईसीईटी के तहत परिकल्पित किया गया है, तो यह बड़े बदलाव का कारण बनेगा।

भारत वैकल्पिक आपूर्ति शृंखलाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। दिल्ली और वाशिंगटन के बीच अधिक रणनीतिक, वाणिज्यिक और सैन्य संबंध होंगे। यह भारत के औद्योगिक और आर्थिक उत्थान को बढ़ावा दे सकता है और उसकी अत्याधुनिक दोहरे उपयोग वाली तकनीकों तक पहुंच हो सकती है। यह भारतीय नवाचारों को प्रोत्साहित कर सकता है और सेमीकंडक्टर निर्माण और आपूर्ति शृंखला में भारत को शामिल कर सकता है। इसका परिणाम संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन सहित नए क्षेत्रों में रक्षा सहयोग और स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना हो सकता है। उम्मीद है कि निकट भविष्य में जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी भारत में जेट इंजन का उत्पादन करेगी। पिछले दिनों, राष्ट्रपति बाइडन ने बोइंग से 34 अरब डॉलर के 220 विमान खरीदने के एयर इंडिया के फैसले की सराहना की, जो अमेरिका के 44 राज्यों में दस लाख नौकरियों का सृजन करेगा और जोर देकर कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और गहरा करने के बारे में सोच रहे हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## होली एवं शबे बरात आपसी सामंजस के साथ मनाएं : त्यौहार में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटेगा जिला प्रशासन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा)। होली एवं शबे बरात पर्व को शांतिपूर्ण मनाए जाने के लिए एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना परिसर मे क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की बैठक की। खरगूपुर कस्बा संवेदनशील होने के चलते दोनों वर्गों से सामंजस बनाकर पर्व को मनाए जाने का लोगों से आवाहन किया।शनिवार को एसडीएम सदर कुलदीप सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकांत गौतम ने स्थानीय थाना परिसर में बैठक का आयोजन किया । इस मौके पर नगर पंचायत सहित ग्रामीण अंचलों से आए गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि कुछ माह पहले कस्बे में एक घटना के बाद यह नगर अब साधारण न होकर संवेदनशील की श्रेणी में है। दोनों वर्गों के लोग आपसी सामंजस्य बनाकर होली एवं शबे बरात का पर्व निर्विवाद रूप से मनाएं। त्यौहार में खलल डालने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी कहा गया कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक गाने डीजे पर नहीं बजाया जाए और न हीं होली खेलने के दौरान नशे की वस्तुएं इस्तेमाल किए जाए।अधिकारियों ने कहा कि पूर्व से चिन्हित स्थानों पर ही होलिका दहन किया जाए,नए स्थान पर अनुमति नहीं दिया जा सकता। एसडीएम सदर श्री सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्री गौतम ने प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी को निर्देश दिए कि त्यौहार के दौरान माहौल खराब करने वाले तत्वों को अभी से ही चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करें और कस्बा सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर जायजा लेते



रहे।उन्होंने कहा कि कस्बे में इस बार अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जायेगा।थाना परिसर में त्यौहार को लेकर संपन्न हुई बैठक में प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार अनुराग पांडे,नगर पंचायत अध्यक्ष लाल मोहम्मद,पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी,प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमित अवस्थी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र मिश्रा, लईक अहमद,पृथ्वीनाथ मंदिर महंत जगदंबा प्रसाद तिवारी,देवी तिवारी, सूरज देवराज,नईम हाशमी, समसुद्दीन अंसारी,वेद प्रकाश गुप्ता, वहीद अहमद सहित नगर पंचायत तथा आसपास क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जयपुरिया में यूथ इमर्शन प्रोग्राम उद्घाटन समारोह आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने न्व्स्ह (उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड) और ‟प्क्ठ‟ (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) के सहयोग से ''यूथ इमर्शन प्रोग्राम'' के नाम से स्टार्टअप्स के लिए एक नया सर्टिफिकेशन कोर्स लॉन्च किया। डॉ. कविता पाठक, निदेशक – जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने अपने संबोधन में कार्यकारी शिक्षा विभाग और इन्क्यूबेशन सेल द्वारा इस पहल को एक वास्तविकता बनाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की और साथ ही सिडबी और यूपीएलसी को उनके सहयोग और भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। जयपुरिया लखनऊ में कार्यकारी शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. शुभेंद्र एस. परिहार ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताया। डॉ परिहार ने कहा, ''हमने प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीकृत 75 की सूची में से 25 स्टार्टअप को चुना है। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में 74 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम है, इसलिए, यह उद्यमियों को लगातार सीखने में मदद करने के लिए एक हाइब्रिड प्रोग्राम है।'' अभिषेक तिवारी, एसोसिएट डायरेक्टर – केपीएमजी ने कहा, ''मैं अनेक स्टार्टअप्स के साथ दिन–प्रतिदिन बातचीत करता हूं और मुझे लगता है कि बहुत सारे स्टार्टअप्स ने उद्यम बनने की यात्रा शुरू कर दी है और बहुत कुछ करना शुरू कर दिया है। हालांकि, अधिकांश स्टार्टअप सीखने की गतिविधियों पर पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने आज सीखने के लिए साइन अप किया है और यह व्यापक कार्यक्रम आपकी अत्यधिक मदद करने वाला है।'' श्री मनीष सिन्हा, महाप्रबंधक – सिडबी सत्र के विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने स्टार्टअप्स के लिए कार्यक्रम के लाभों के बारे में बताया और विभिन्न फंडिंग विकल्पों और नेटवर्कों के साथ पात्र स्टार्टअप्स को जोड़ने में सर्वोत्तम संभव सहायता प्रदान करने के लिए सिडबी की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। ''आजकल भारत में स्टार्टअप सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है और स्टार्टअप्स को जिस तरह का समर्थन मिलता है, उससे मुझे आश्चर्य नहीं होगा। राज्य और केंद्र सरकारें युवाओं को रोजगार सृजक बनाने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन दे रही हैं और बढ़ावा दे रही हैं। अंतिम भागीदार स्टार्टअप पहले ही चयन की एक अच्छी कठोर प्रक्रिया से गुजर चुके हैं'', श्री सिन्हा ने कहा। सीए जतिन श्रीवास्तव, स्टार्टअप परामर्श के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम भी सत्र में प्रतिष्ठित वक्ताओं में शामिल थे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स को केंद्र में रखकर यह अनूठी पहल है। उन्होंने इस कार्यक्रम को शुरू करने के लिए जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, सिडबी और यूपीएलसी को भी बधाई दी। डॉ. दीपक कुमार सिंह, प्रोफेसर और अध्यक्ष – इन्क्यूबेशन सेंटर ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वितरण के तरीके और संसाधन व्यक्तियों का विवरण प्रदान किया। उन्होंने यह भी कहा कि संसाधन व्यक्ति पैनल उद्योग, शिक्षा, निवेशकों और नीति निर्माताओं का मिश्रण है। यह मिश्रण यह सुनिश्चित करेगा कि स्टार्टअप्स की विशिष्ट समस्याओं का समाधान किया जाए और सर्वोत्तम संभव मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके।

## वेस्टोविन फार्मास्यूटिकल प्रा लि.की ओर से हर्षोल्लास पूर्वक मना अमर हास्पिटल के चिकित्सक की शादी का सालगिरह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर के प्रतिष्ठित अमानीगंज स्थित अमर हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक व कुशल अनुभवी चिकित्सक डॉ अरविंद खरे व समाज सेविका के साथ–साथ इस चिकित्सालय के प्रबंध निदेशिका साधना खरें की शादी का सालगिरह हॉस्पिटल परिसर में बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक वेस्टोविन फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मनाया गया।इस मौके पर वेस्टोविन फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड के ओर से इनके सालगिरह पर ढेर सारी हार्दिक बधाइयां दी गई। वही इस मौके पर अपने बधाई संदेश में वेस्टोविन फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर गौरव श्रीवास्तव अमित मणि त्रिपाठी ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर जहां एक ओर डॉ अरविंद खरे व प्रबंध निदेशक डॉ साधना खरें ने अपनी शादी की शालगिरह पर एक दूसरे को केक खिलाकर शादी की बधाई दी वहीं इसी कड़ी में उनके अलावा वीरेंद्र कुमार पाण्डेय, वीरेंद्र



कुमार गुप्ता, प्रमोद यादव, सुमित यादव, अंकित वर्मा, अजय प्रजापति, राजेंद्र यादव, सुभाष यादव,रुचि यादव,स्वाति, अंशू यादव, आसू पाण्डेय, डाक्टर लवकुश कटियार,अवधेश कुमार, पूजा चन्द्रा,राहुल, कुंवर लाल, सतीश यादव सहित अस्पताल के सभी कर्मियों ने दोनों लोगों को केट खिलाकर बधाई संदेश दिया।

## नहर की मिट्टी काट कर ले जा रहे खनन माफिया : अफसरों के कानो खबर होते ही हुए रफूचक्कर

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में स्थित शारदा सहायक नहर की पटरी को खनन माफियाओं द्वारा जेसीबी से उठाकर बेचने का कार्य जोरों से चल रहा है। शनिवार अधिकारियों के कानो तक खबर पहुंचने पर खनन माफियाओ में खलबली मच गई और आनन–फानन में खनन माफिया मौके से रफूचक्कर हो गए। बतादें कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गडैला गांव के समीप बीते कुछ दिनों से जेसीबी लगाकर नहर की पटरी की मिट्टी को लादकर दूसरी जगह ले जाया जा रहा था। शनिवार को ग्रामीणों ने मामले का विरोध करते हुए इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी। ग्रामीणों के अनुसार शारदा सहायक नहर की पटरी पर लगातार जेसीबी लगाकर खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी बेचने का व्यापार किया जा रहा है अगर समय रहते इस पर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में नहर कटने का खतरा बन जाएगा और नहर से सटे किसानों के खेत जलमग्न हो जाऐंगे, गडैला गांव के लोगों ने बताया कि शारदा सहायक नहर की पटरी की मिट्टी लगातार खनन माफियाओं द्वारा बेचने का कार्य जोरों शोरों से चल रहा था। कई बार पूछे जाने पर उन लोगों द्वारा बताया जाता था कि यह निजी कार्य से नहीं बल्कि सरकारी कार्य के उद्देश्य हटाया जा रहा है जबकि नहर की पटरी कमजोर होने के कारण नहर कभी भी कट सकती है और अगर इसे नहीं रोका गया तो किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। इन




क्षेत्रों से भू माफिया का दबदबा जानकारी के अनुसार शारदा सहायक नहर मेहरावां गांव से होते हुए हाउद्दीनपुर,गडैला,लोहता,भकुरा समेत कई अन्य गांव से होकर गुजरती है।ऐसे में अगर नहर की पटरी कमजोर हो गई तो किसानो को बडी समस्या का सामाना करना पडेगा, सिंचाई विभाग जेई अवधेश कुमार ने बताया कि नहर से पटरी की मिट्टी अवैध रूप से हटाने की सूचना गलत है लोगों को आने जाने में रूकावट होने के कारण थोड़ी दूर के नहर की पटरी का मिट्टी जेसीबी लगाकर हटवाया गया है। बाकी अगर कहीं पर भी अवैध रूप से नहर की पटरी को काटने का प्रयास किया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर ग्राम वासियों का कहना था कि कई दिनों से मनमानी ढंग से खनन माफियाओं द्वारा नहर की मिट्टी काटकर बेचा जा रहा था अधिकारियों को सूचना मिलने पर खनन माफियाओं ने अपने ट्रैक्टर व जेसीबी लेकर मौके से गायब हो गए हैं।

## एस.एम.एस. लखनऊ में सतत विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (S-M-S) सुल्तानपुर रोड, लखनऊ ने दलित इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (D-I-C-C-I) और लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन (L-M-A) के सहयोग से SDG9: इंडस्ट्री इनोवेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर'' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सतत विकास लक्ष्य 9 (लक्ष्य 9 या एसडीजी 9) ''उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे'' के बारे में है और 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों में से एक है। एसडीजी 9 का उद्देश्य लचीला बुनियादी ढांचे का निर्माण करना, टिकाऊ औद्योगीकरण को बढ़ावा देना है। और नवाचार को बढ़ावा। इस अवसर पर शिक्षा और उद्योग की दुनिया के दिग्गजों ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर एन.बी.सिंह और विशिष्ट अतिथि पदमश्री डॉ. रजनीकांत, ए.के.माथुर, उपाध्यक्ष एल.एम.ए. और श्री वीरेंद्र कुमार क्षेत्रीय निदेशक, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों में डॉ. धर्मेंद्र सिंह , आदित्य विद्यासागर, प्रवीण द्विवेदी, मिलिंद राज दीपक मिश्रा, अंकुर हांडा, प्रो. संजय कुमार सिंह। छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर एन बी सिंह ने कहा कि यह एक बहुत अच्छा विषय था और वर्तमान परिदृश्य के लिए इसकी बहुत प्रासंगिकता है। उन्होंने अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देते हुए समग्र विकास पर जोर दिया। पद्मश्री राष्ट्रीय आईपी पुरस्कार विजेता डॉ. रजनीकांत ने उच्च शिक्षा में




योगदान के लिए एस.एम.एस. कॉलेज के प्रयासों की सराहना की। डॉ. रजनीकांत ने भारत के इतिहास और अतीत में 'सोने की चिड़िया' की स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने गरीब लोगों के समावेशी विकास और उनके सामाजिक–आर्थिक उत्थान पर ध्यान आकर्षित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सम्मेलन के संरक्षक शरद सिंह ने कहा कि एस.एम.एस अपनी मूल्य शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों और फैकल्टी के ज्ञान को बढ़ाते हैं। प्रो. (डॉ.) मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि लगभग 100 पेपर प्रस्तुत कर संग्रह के रूप में संकलित किया गया। सम्मानित अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 100 सार संग्रह का विमोचन किया गया। प्रो. (डॉ.) बी.आर. सिंह ने आयोजन समिति को सामान्य से परे सोचने और एक ऐसे विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने के लिए बधाई दी जो आज बहुत प्रासंगिक है। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. पवनेश कुमार डीन एसएमएस व प्रो. गोपाल नारायण विश्वविद्यालय रोहतास के अधिष्ठाता आलोक कुमार और समापन भाषण चन्द्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रोफेसर राणा सिंह ने दिया। सम्मेलन के संयोजक डॉ. आशीष भटनागर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## असलहे को क्लीयरेंस देने वाले आईजीआई एयरपोर्ट के कस्टम अफसर से पूछताछ

लखनऊ ब्यूरो : माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के घातक असलहे को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट से गैरकानूनी तरीके से क्लीयरेंस देने वाले तत्कालीन कस्टम अधिकारी कुलदीप से एसटीएफ ने दस घंटे तक पूछताछ कर बयान दर्ज किया। कुलदीप अभी जीएसटी में कार्यरत है। एसटीएफ ने आईजीआई एयरपोर्ट में तैनात रहे कस्टम के तत्कालीन सहायक निदेशक और उप निदेशक को भी तलब किया है। दरअसल, अब्बास अंसारी अगस्त 2016 में स्लोवानिया से ब्लॉजर राइफल लेकर आया था। यह राइफल निशानेबाजी के लिए इस्तेमाल की जाती है। हालांकि, अब्बास जो बैरल लेकर आया था, वे प्रतिबंधित बोर के कारतूसों के लिए इस्तेमाल होते हैं। इतना ही नहीं, कस्टम ड्यूटी नहीं चुकाने के लिए राइफल की जगह केवल उसके बैरल और पार्ट्स लाना दर्शाया गया। उस दौरान अब्बास के पर्सनल बैगेज को कस्टम सुप्रीटेंडेंट कुलदीप ने आंख मूंद कर क्लीयरेंस दे दी। उन्होंने स्लोवानिया में खरीदी गई राइफल की रसीद का परीक्षण करने की जहमत तक नहीं की। बाद में अब्बास ने अपने शस्त्र लाइसेंस में इसे राइफल के रूप में दर्ज करा लिया। सर्च वारंट लिया तो ढीले पड़े तेवर इस मामले में पूछताछ के लिए एसटीएफ लगातार एयरपोर्ट के कस्टम अधिकारियों से संपर्क कर बयान दर्ज करने बुला रही थी। इस बारे में यूपी पुलिस के अधिकारियों ने कस्टम के वरिष्ठ अधिकारियों से बात भी की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जब एसटीएफ ने एयरपोर्ट के कस्टम ऑफिस की छानबीन



के लिए सर्च वारंट लिया तो मामला अदालत में चला गया। अदालत से कस्टम को कोई राहत नहीं मिली जिसके बाद उनके तेवर ढीले पड़ गए और बयान देने आ गये। झांसा देकर पिस्टल भी लाया इसी तरह अब्बास अंसारी कस्टम को झांसा देकर पिस्टल भी लाया था। वह बिना कस्टम ड्यूटी दिए एयरपोर्ट के रेड चौनल को पार कर गया था। जब एसटीएफ ने कुलदीप से इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि रविवार को रेड चौनल और ग्रीन चौनल में स्क्रीनिंग में ज्यादा ध्यान नहीं देने का अब्बास ने फायदा उठाया था। अधिकारियों पर फोड़ा ठीकरा अपने बयान में कुलदीप ने एयरपोर्ट पर तैनात वरिष्ठ अधिकारियों पर इस गड़बड़ी का ठीकरा फोड़ दिया। उसने अपने बचाव में कहा कि रायफल के पार्ट्स और रसीद की जांच करने का जिम्मा वरिष्ठ अधिकारियों का था। जब एसटीएफ ने उनकी जिम्मेदारी को लेकर सवाल किए तो उसने चुप्पी साध ली। ये है नियम एयरपोर्ट से स्पोर्ट्स कोटे के असलहे लाने के लिए पहले बुकिंग करानी होती है। जल मार्ग से लाने का भी यही नियम है। अब्बास ने कस्टम ड्यूटी नहीं चुकाने और स्पोर्ट्स कोटे की जगह घातक हथियार लाने के लिए पर्सनल पैकेज का तरीका चुना।

# पुलिस मुठभेड़ में 25000 का इनामी सहित 6 अंतर्जनपदीय गौ तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय थाना अंतर्गत शाहगंज पुलिस व स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में 25000 रूपया के इनामिया/वांछित सहित कुल 6 अन्तर्जनपदीय गौ तस्कर गिरफ्तार किये गए है।इस दौरान एक तस्कर के पैर में लगी गोली लगी है।इनके कब्जे से एक देशी तमन्चा , एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस, एक ट्रक , 04 गोवंश, एक चार पहिया ब्रेजा, पांच मोबाइल बरामद किया गया है। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजयपाल शर्मा, के द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, डा0 संजय कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज चोब सिंह के नेतृत्व शुक्रवार रात्रि में थानाध्यक्ष खेतासराय यजुवेंद्र कुमार सिंह व प्र0नि0 शाहगंज सदानंद राय मय हमराह पुलिस बल के आजाद नगर पुलिया पर अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के सम्बन्ध में बातचीत कर रहे थे कि स्वाट व सर्विलांस टीम के प्रभारी उ0नि0 रामजनम यादव द्वारा सूचना मिली कि जौनपुर की तरफ से गोतस्कर एक ट्रक संख्या डभ 48ठ ड 0638 से गोवंश लादकर लेकर एवं एक ब्रेजा गाड़ी न्50ठ ।9349 पास कराते हुए आगे आगे चलकर खेतासराय की तरफ जा रही है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष खेतासराय एवं प्र0 नि0 शाहगंज मय हमराही पुलिस बल के आगे बढ़कर सुम्बुलपुर मोड़ कलवरिया पोखरा के पास गोतस्करो की ब्रेजा एवं ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया तो गोतस्करो द्वारा पुलिस पर जान मारने की नियत से फायर किया गया जिसकी गोली थानाध्यक्ष खेतासराय के पहने बीपी जैकेट में जा लगी जिस पर थानाध्यक्ष खेताराय द्वारा अपने व हमराही पुलिस बल की जीवन रक्षा को देखते हुए आत्मरक्षार्थ फायर किया गया, जिसमें एक अभियुक्त आसिफ के पैर में गोली लगी और घायल हो कर गिर गया जिसे गिरफ्तार किया गया तथा अन्य 05 अभियुक्त आस पास अंधेरे का लाभ उठाकर छिप गए, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेरा बन्दी कर काबिंग करते हुए समय करीब 3.00 बजे तक गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास/कब्जे से एक देशी तमन्चा , एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस, एक ट्रक , 04 गोवंश, एक चार पहिया ब्रेजा, पांच मोबाइल



बरामद किया गया। गिरफ्तार/बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध थाना खेतासराय पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही का जा रही है। अभियुक्तो के विरुद्ध जनपद आजमगढ, जनपद सुल्तानपुर व जनपद प्रतापगढ में आपराधिक मुकदमें है, जिनकी जानकारी की जा रही है। घायल गिरफ्तार अभियुक्त 1. आसिफ पुत्र शौकत निवासी हंसनाडीह थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़। गिरफ्तार अभियुक्तों में 1. इकबाल अहमद पुत्र कासिम अंसारी निवासी बारीखुर्द थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ 2. रईस अहमद पुत्र स्व0 इम्तियाज अहमद निवासी कौरा गहनी थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ 3. नौसाद अहमद पुत्र मून्नू अहमद निवासी सोफीपुर थाना देवगाँव जनपद आजमगढ़ 4. मो0 दानिश पुत्र नूरनैन निवासी नसीरपुर थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ 5. मो0 बेलाल पुत्र अनवर निवासी ग्राम नसीरपुर थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ बरामदगी का विवरणदृ 1.एक देशी तमन्चा , एक खोखा कारतूस , एक जिन्दा। कारतूस,एक ट्रक , 04 गोवंश, एक चार पहिया ब्रेजा, पांच मोबाइल बरामद आपराधिक इतिहासः– 1.मु0अ0सं0 36/23 धारा 307 भादवि थाना खेतासराय, जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 37/23 धारा 3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय, जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 38/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय, जौनपुर। 4.मु0अ0स0 127/2016 धारा 3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता व 207 मोटर यान अधीनियम थाना कंधरापुर जनपद आजमगढ़। 5. मु0अ0स0153/2018 धारा 3/5A/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़। 6.मु0अ0स0 220/2018 धारा 279 337 338 427 504 भादवी थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़। 7. मु0अ0स0 83/2021 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़। 8.मु0अ0स0 203/2020 धारा 3/5A/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 307 भादवि थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़।

## दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़े गए मुन्ना भाई पुलिस ने भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रशासन की नकल विहीन परीक्षा कराने की तालिका वायदों को नकल माफिया तार–तार करते नजर आ रहे हैं हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में आए दिन दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हैं नकलची पकड़े जा रहे हैं ।ताजा मामला शनिवार को सिकरारा थाना क्षेत्र के भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बडेरी में हाई स्कूल की परीक्षा में एक मुन्ना भाई दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़े गए। क्षेत्र के भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बडेरी में प्रथम पाली में हाई स्कूल का कला का पेपर चल रहा था कि कच्छ संख्या 5 में निरीक्षक रणजीत कुमार वह ताणक नाथ चेकिंग करने लगे चेकिंग करते समय जब प्रवेश पत्र का मिलान किया तो पवन कुमार चौहान के स्थान पर अभिषेक कुमारचौहान परीक्षा दे रहा था पूछने पर उसने बताया कि मेरा घर कोहड़े सुल्तानपुर में है जब इसकी जानकारी केंद्र व्यवस्थापक डॉ मीना सिंह को हुई तो उन्होंने थानाध्यक्ष सिकरारा रमेश कुमार को फोन से अवगत कराया अपने हमराही ओं के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे मुन्ना भाई को गिरफ्तार कर लिया इसके बाद धारा 419, 420 में चालान कर जेल भेज दिया।

## बाबा सन्त गाडगे जी की जयंती समारोह एवं निकाली गई भव्य शोभायात्रा

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : श्री सन्त गाडगे धोबी कल्याण समिति (रजि0)एवं राष्ट्रीय रजक महासंघ (भारत) के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार कन्नौजिया की अध्यक्षता में बाबा सन्त गाडगे जी की जयंती समारोह एवम शोभायात्रा भण्डारी स्टेशन से चलकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये केरारकोट स्थित श्री सन्त गाडगे धोबी धर्मशाला के प्रांगण में जयन्ती समारोह के रुप में संपन्न हुआ । उक्त जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक केराकत एवम राष्ट्रीय रजक महासंघ के अध्यक्ष दिनेश चौधरी जौनपुर द्वारा श्री संत गाड्गे जी महाराज के फोटो पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री दिनेश टंडन जी, श्री दुर्गा पूजा महासमिति के पूर्व अध्यक्ष निखिलेश सिंह व उ0 प्र0 श्रमिक कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री अख्तर अली जी द्वारा श्री संत गाड्गे जी महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर श्री गाड्गे जी के व्यक्तित्व पर अपना–अपना विचार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित दिनेश टण्डन जी ने अपने उद्बोधन में समाज हित किये गये कार्यो पर विस्तृत जानकारी देते हुए संयोजक संजय कन्नौजिया को उनके द्वारा किये गये कार्यो की प्रसंशा की तथा संजय कन्नौजिया जी द्वारा बनाये गये नये संगठन श्री संत गाड्गे धोबी कल्याण समिति बनाने की विशेष बधाई दी। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित निखिलेश सिंह ने कार्यक्रम व संगठन बनने की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा संत गाड्गे



सर्व जन हित में लोगों को संदेश दिया उनका कहना था यदि पैसा की तंगी है परन्तु अपने बच्चों को पढ़ाये व शिक्षित करें क्योंकि शिक्षा ही स्वाभिमान है और समाज में स्थान मिलता है। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित दिनेश चौधरी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम एवं श्री संत गाड्गे जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जनपद में समाज को जगाने व समाज हित विशेष योगदान देने की संजय कन्नौजिया को बधाई देता हूं साथ ही समाज को अश्वस्त करता हूँ कि समाज को जब भी हमारी जरुरत पड़े समाज के लिए मैं हमेशा खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि समाज के कुछ लोग अपने स्वार्थहित में समाज को बाटने का कार्य कर रहे हैं हमारा समाज उनके मंसूबे का घोर विरोध करता है। उन्होंने श्री संत गाड्गे जी महाराज की मूर्ति लगावने एवं श्री संत गाड्गे पार्क बनवाने हेतु जगह चिन्हित करने हेतु मंच के द्वारा प्रशासन से अपील की। दिनेश चौधरी द्वारा राष्ट्रीय रजक महासंघ (भारत) को जनपद में विस्तार हेतु संजय कन्नौजिया पदयुक्त कर प्रसस्ति पत्र प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन संतोष कन्नौजिया एवं आये हुये लोगों का आभार हरिशंकर कन्नौजिया ने किया। उक्त जयंती समारोह में सागर कुमार कन्नौजिया, श्याम कन्नौजिया, अनिल कन्नौजिया, राजकुमार कन्नौजिया 'खिचड़ू', बाढ़ू कन्नौजिया, रमेश कन्नौजिया, रामजी कन्नौजिया, परिराम कन्नौजिया, संजय कन्नौजिया, सुरेन्द्र कन्नौजिया, संतोष कन्नौजिया सहित समाज के सम्मानित स्वजातीय माताएं बहनें व बुद्धजीवी उपस्थित रहें।

# कक्षा सात की छात्रा ने लगाई फांसी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जूनियर हाईस्कूल की कक्षा सात की छात्रा ने अपने घर के कमरे में अंगौछे से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। इस बारे में परिवारीजन कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोनार थाने के जगदीशपुर निवासी राजपाल के दो बेटे और दो बेटियां हैं। 13 वर्षीय बेटी संध्या गांव के जूनियर हाईस्कूल में पढ़ती थी। राजपाल किसी काम से शहर आया हुआ था। घर में उसकी बीमार पत्नी थी। संध्या और उसके भाई–बहन स्कूल गए हुए थे। शाम को जब राजपाल घर वापस लौटा तो वहां उसके दूसरे मकान के कमरें में संध्या का शव अंगौछे से फंदे पर लटक रहा था। जानकारी होते ही इंस्पेक्टर (रिजर्व) सैय्यद नसीरुद्दीन पुलिस टीम के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पीएम को भेजा।

# मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला स्तरीय समिति की प्रथम बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट समागार में अयोजित की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य शाहिद जमाल ने बताया कि पूर्व में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तर्ज पर मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का संचालन भी मत्स्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, जो पॉच वर्षो (2022–23



से 2026–27 तक) संचालित की गयी है। इस योजना में ग्रामसभा के तालाबों के पट्टा धारको, मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा अन्य विभागो के माध्यम से सुधारे गये तालाबों एवं अन्य पट्टे के तालाबों के लिए है, इस योजना में न्यूनतम् पट्टा अवधि 04 वर्ष शेष रहनी चाहिए है, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में प्रथम वर्ष निवेश हेतु 111 आवेदन पत्र व मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु 05 आवेदन पत्र आनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए, जिसमे स्थलीय व अभिलेखों की जांच उपरान्त 55 आवेदक पात्र पाये गये, जिनका चयन रेंडमाइजेशन के द्वारा कर लिया गया है, बजट प्राप्त होते ही योजना पर कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। इन दोनो ही परियोजनाओं में 04.00 लाख प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा तथा अवशेष 60 प्रतिशत लाभार्थी अंश होगा। यह योजना प्रदेश में स्थानीय पट्टा धारक मत्स्य पालकों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में सहायक होगी तथा प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एंव उत्पादकता में वृद्धि होगी व स्वरोजगार का सृजन होगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, मत्स्य वैज्ञानिक हरिओम वर्मा उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में चली गोली : एक नाबालिक हुई घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र बगथरी गांव में शुक्रवार की शाम गोली चलने से हड़कम्प मच गया गांव के रहने वाले आदर्श यादव 15 वर्ष पुत्र राम सकल यादव और गुलशन सरोज 17 वर्ष निवासी अपने घर से ही कुछ दूर से बगथरी सुखराम राम बालिका इंटर कालेज के पास अपने घर जा रहा था तभी एक बाइक पर सवार दो युवक पड़ोसी गांव के युवकों ने तमंचे से फायर झोक दिया गोली आदर्श के कान और कंधे को छूती हुई निकल गई गोली की आवाज सुन कर गांव के अन्य लोग इकठ्ठा हो गए गांव के रहने वाले गोविंद यादव ने घटना की सूचना 112 नम्बर की पुलिस को दी सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ केराकत गौरव शर्मा व प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर देवानंद रजक मौके पर पहुंचे। पुलिस आदर्श और उसके साथी गुलशन को पूछताछ के लिए थाने लेकर गई। इस बारे में क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव शर्मा का कहना है कि दोनों पक्ष एक दूसरे को जानते पहचानते हैं पहले से विवाद था मेडिकल के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी जांच की जा रही है।

## खजनी ब्लाक के सफाई कर्मियों द्वारा किया जा रहा सफाई के नाम पर खानापूर्ति

गोरखपुर खजनी डीकेयू हिन्दी दैनिक रवि कुमार : नए जमाने की सफाई कर्मी हाथ में एंड्राइड फोन व पर्स लेकर कर रही है सफाई खजनी कस्बे की गंदगी को देखते हुए रोस्टर बनाकर खजनी कस्बे में शनिवार को होती है सफाई व्यापार मंडल खजनी विकास मंच के द्वारा विकास खंड अधिकारी से



मिलकर सफाई के लिए दिया गया था सुझाव रोस्टर को देखते हुए 45 सफाई कर्मी में से15 लोग कर रहे हैं सफाई समाजसेवी विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व ग्राम प्रधान व खजनी कस्बे के वरिष्ठ व्यापारी विकास खंड अधिकारी से मिलकर खजनी कस्बे की बताई गई थी समस्याएं विकास खंड अधिकारी ने खजनी कस्बे की सफाई के लिए दिए थे आश्वासन जिसको लेकर हर शनिवार को होती है खजनी कस्बे की सफाई।

## थाना सिंगरामऊ पुलिस द्वारा 25 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिंगरामऊ थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा 25 हजार का पुरस्कार घोषित अभियुक्त नफीस खान पुत्र अब्दुल अजीज खान को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देश पर अपराध एंव अपराधियों व वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधी व वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी बदलापुर व सिंगरामऊ पुलिस क्षेत्र व गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुशु क्रुरता अधिनियम के तहत वांछित 25 हजार का पुरस्कार घोषित अपराधी नफीस खान पुत्र अब्दुल अजीज खान जो काफी दिनो से फरार चल रहा था को थाना क्षेत्र के बछुआर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कार0 315 बोर बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त




नफीस खान पुत्र अब्दुल अजीज खान उर्फ उजेर निवासी वर्तमान पता अख्तर भाई की चाल गीता नगर वापी नियर रिलायन्स विल्डिंग वल्साण 396191 स्थाई पता ग्राम गोधना थाना पवई जिला आजमगढ़ है।

# 24घंटे बाद भी हत्यारों तक नही पहुँच सकी पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी के पुरेसवा गांव में हत्या कर फेंके गए सर्वजीत तिवारी के हत्यारों तक पुलिस अभी तक नही पहुँच सकी है ।हत्यारों की तलाश में पुलिस सर्विलांस की मदत से जुटी हुई है ।इसके लिए पुलिस ने दो टीमो का गठन किया है जिसमें एक दरोगा व तीन सिपाही लगाए गए है ।पुलिस घटना को आशनाई से जोड़ कर हर बिंदुओं पर काम कर रही है ।पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा ।पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर मामले में पूछताछ कर रही है। प्रयागराज जिले के बैरहना पतैया निवासी सर्वजीत तिवारी घर से बारात में जाने के लिए घर से कहकर निकला था,लेकिन सुबह उसकी हत्या कर शव को बरसठी क्षेत्र के पुरेसवा गांव में तालाब किनारे झाड़ी में फेंका मिला था। पिता आशाराम तिवारी की तहरीर पर पुलिस अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मृतक के पास मिले मोबाइल में नम्बरों के आधार पर हत्यारों की तलाश में जुटी है ।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए दो टीमो को लगाया गया है शीघ्र ही घटना का पर्दाफास हो जाएगा। सर्वजीत तिवारी की हत्या क्यो की गयी यह अभी भी राज ही बना हुआ है ।उसके शव के पास उसकी बाइक पड़ी थी,जेब मे टूटा मोबाइल था ।अगर लूट के नियत से हत्या की गयी होती तो उसकी बाइक,मोबाइल बदमाश लूट ले जाते ।परिजनों की माने तो सर्वजीत की किसी से कोई दुश्मनी भी नही थी,और उसे इतनी दूर से यहां लाकर हत्या की गयी ।अब लोगों के जेहन में हत्या का कारण जानने के लिए उत्सुकता बनी हुई है ।पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही हैं।

## विधायक ने बदलापुर के विकास लिए सदन में उठाया मुद्दा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने विधानसभा क्षेत्र में विकास को दृष्टिगत समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए सदन में उसे अविलंब पूरा कराए जाने की जबरदस्त मांग किया है। मुद्दों के साथ ही उन्होंने प्रदेश के परिवहन मंत्री तथा शिक्षा मंत्री से क्षेत्र में निर्माणाधीन राज कीय बस स्टेशन तथा आईटीआई कॉलेज के अविलंब संचालन कराए जाने का भी सवाल उठाया । सवाल के जवाब में उन्हें बताया गया कि बहुत जल्द ही बस स्टेशन और आईटीआई कॉलेज संचालित कर दिया जाएगा। विधायक ने दुगोली कला तथा कस्तूरीपुर के बीच पीली नदी पर जर्जर रपटा पुल के उच्ची कृत , महराजगंज ब्लॉक के जौनपुर राज वहा पर कोइरीपुर में,सराय हरखू में पांडे बस्ती के पास ,अटरा तथा इनामी पुर के मध्य कदम पुलिया के चौड़ीकरण कराए जाने की मांग का मुद्दा उठाया । उन्होंने ग्राम पंचायत बाभनपुर में गेट नंबर 2 से भगवानपुर आयुर्वेदिक अस्पताल तक दूरी 4 किलोमीटर, बाबू गंज बाजार से पृथ्वी गंज बाजार संपर्क मार्ग पर निर्मित नवीरपुर गेट से राम अधार पांडे के घर तक दूरी 2 किलोमीटर, ग्रामसभा नेवादा में नवादा से बाबा बोझनाथ घाट तक दूरी 7 किलोमीटर, ग्राम भरथरी में लोहरियांव से सोनहिता घाट तक दूरी आज 8 किलोमीटर जो पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा दशकों वर्ष पूर्व निर्माण किया गया था इन सड़कों को विधायक ने लोक निर्माण विभाग में परिवर्तित कर निर्माण कराए जाने का भी मुद्दा उठाया! क्षेत्र में बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के दृष्टिकोण से औद्योगिक प्रतिष्ठान भी स्थापित कराए जाने का उन्होंने मुद्दा उठाया ! कहा कि ग्राम ग्राम बछुआर में स्थित औद्योगिक जमीन पर पराग अथवा अमूल दूध प्लांट का निर्माण अगर कराया जाए तो हजारों लोगों को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

# बिना तनाव के कैसे दी जाए परीक्षा–मिर्जा डाबर बेग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर चेतना द्वारा आयोजित परीक्षा में होने वाले तनाव पर एक ट्रेनिंग सेमिनार मीना रिजवी शिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई जेसीआई संस्था के इंटरनेशनल ट्रेनर मिर्जा डाबर बेग ने मार्च महीने से प्रारंभ होने वाले परीक्षा के पूर्व तनाव रहित परीक्षा पर बच्चों को कई टिप्स दिए जिससे बच्चों में एक उत्साह देखने को मिला उन्होंने बताया की संपूर्ण परीक्षा का दबाव बच्चों के ऊपर होता है परंतु इसे कई भागों में विभक्त कर देना चाहिए और बच्चों को बिना तनाव के परीक्षा देनी चाहिए जेसीआई चेतना अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने ट्रेनिंग सेशन प्रारंभ होने के पहले ट्रेनर के साथ सभी शिक्षिका संस्था पदाधिकारियों और बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि जेसीआई इंडिया के निर्देशन में समाज में हो रहे प्रत्येक गतिविधियों पर ट्रेनिंग दी जाती है और ट्रेनिंग के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास किया जाता है, ट्रेनिंग के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य तहसीन फातमा ने इस तनाव




से मुक्त होने वाली ट्रेनिंग की सराहना करते हुए जेसीआई संस्था को धन्यवाद दिया, कार्यक्रम में मीरा अग्रहरी, ममता कश्यप,नसरीन बेग,शिवानी अग्रहरि उपस्थित रहे ट्रेनिंग सेशन का संचालन सचिव मीरा अग्रहरि ने किया सभी का आभार उपाध्यक्ष मंजू जायसवाल ने व्यक्त किया!

# बच्चो के विवाद में जमकर चले लाठी डंडे : आठ घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में बच्चो में शुरू हुई आपसी तू– तू मैं– मैं देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग आपस मे लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े। जिसमें आठ घायल हो गए ।गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव के प्रमोद कुमार व बेनी लाल के बच्चे शनिवार को सुबह गांव के ही मंदिर पर गए हुए थे। वहां उनमें आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें देखते ही देखते दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चल गए। इस मारपीट में एक पक्ष से प्रमोद कुमार 48, अजीत 24, बृजेश 26 रंजीत 28 व दूसरे पक्ष से बेनी लाल 45 मीनाक्षी 28, शिवम कुमार 31 सतीश कुमार 25 घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर पहुची गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस ने सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड़ भिजवाया। इस मारपीट के मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी देवानंद रजक ने बताया कि मामले की जानकारी है। पुलिस मौके पर गयी थी। मारपीट की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# राष्टीय विज्ञान दिवस पर एकेटीयू में होगा कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी विभाग की ओर से राष्टीय विज्ञान दिवस पर 28 फरवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। माननीय कुलपति प्रो0 आलोक राय के निर्देशन में होने वाले इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों का व्याख्यान होगा तो छात्र फार्मेसी पर आधारित अपने वर्किंग मॉडल की प्रस्तुति देंगे। छात्रों में वैज्ञानिक रूचि पैदा करने के साथ ही विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए होने वाले इस आयोजन का उद्घाटन मा0 कुलपति प्रो0 आलोक राय सुबह साढ़े दस बजे करेंगे। इसके बाद एलकम के ग्लोबल इंटरनेशनल प्रेसिडेंट डॉ0 अरूण कुमार पांडेय और सीडीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 संजीव शुक्ला का व्याख्यान होगा। इसी क्रम में फॉर्मेसी के छात्र अपने बनाये वर्किंग मॉडल की प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर क्विज कॉम्पटीशन भी होगा। जिसके विजेताओं को प्राइज के साथ ही प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। कार्यक्रम प्रति कुलपति प्रो0 मनीष गौड़ के नेतृत्व एवं डॉ आकाश वेद के संयोजन में सम्पन्न होगा।

## निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के फेज–1 का बताया 76 प्रतिशत कार्य पूर्ण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट के फेज–1 का 76 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्यों को भी माह जून 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा फेज–1 के तहत आइसोलेशन–वे, दो टैक्सी–वे और एक एप्रन (तीन एयर बसो को पार्किंग हेतु) का कार्य पूर्ण हो चुका है। रनवे का भी 1600 मीटर से अधिक कार्य पूर्ण है। टर्मिनल बिल्डिंग का 56ः कार्य पूर्ण है जिसे जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। तथा इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। फेज–1 के तहत ही रेसा के मानक के अनुरूप रनवे तथा कैट वन लाइटिंग का कार्य भी पूर्ण होगा। जिससे रात्रि में व धुंध (फाग) में भी विमानों के लैंडिंग की भी सुविधा उपलब्ध होगी।जिलाधकारी ने बताया फेज–1 के साथ ही कार्यदाई संस्था को फेस–2 के सिविल कार्य को भी प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया जा चुका है।जिलाधकारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देशन में अयोध्या धाम का अयोध्या की परंपरा एवं ऐतिहासिक धरोहरों, भवनो मठ–मंदिरों को संजोए रखते हुए चौमुखी विकास कर अयोध्या धाम को सवारने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत अयोध्या के 10 ऐतिहासिक कुण्डो के जीर्णोद्धार का कार्य 31 मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जमथरा से गुप्तार घाट तक बंधे के फेज–1 का कार्य भी 31 मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी के साथ ही इस बंधे के फेस–2 के तहत रिवर फ्रंट का डीपीआर अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या द्वारा तैयार किया जा रहा है। ऐतिहासिक इमारतों को संरक्षित करने के क्रम में अफीम कोठी तथा चौक के दरवाजों को उनके ऐतिहासिक फसाड को बनाए रखते हुए संरक्षित किया जाएगा और उस पर आकर्षक लाइटिंग भी की जाएगी। इसी के साथ ही अयोध्या धाम के 37 मठदृ मंदिरों एवं हैरिटेज भवनों के रंगाईदृपुताई एवं लाइटिंग का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अयोध्या धाम में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटको को आवागमन की सुचारू सुविधा उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत रामपथ, भक्तिपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ, न्याय पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण/स्मार्ट रोड का कार्य किया जा रहा है साथ ही अयोध्या जिले को जोड़ने वाले सभी मार्गों का भी चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, तथा रोड फर्नीचर को बेहतर एवम् आकर्षक किया जा रहा है, साथ ही 67.5 किलोमीटर लंबे रिंग रोड का कार्य भी अप्रैल 2023 से प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस हेतु समस्त 37 ग्रामों का 3ए व 3डी हो गया है जिसमें से 26 ग्रामों के फाइनल सर्वे का कार्य भी पूर्ण हो चुका है।

## डॉ राजीव नारायण मिश्र ने मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन कर कार्यवाहक एसपी मिर्जापुर का कार्यभार संभाला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी के सेनानायक डाक्टर राजीव नारायण मिश्र को कार्यवाहक एसपी मिर्जापुर जिले का अतिरिक्त प्रभार मिला है।इसी कड़ी में डॉ राजीव नारायण मिश्र ने शुक्रवार को मां विंध्यवासिनी का दर्शन कर कार्यवाहक एसपी मीरजापुर के रूप में जनपद का कार्यभार ग्रहण किया गया।मालूम हो कि तेज तर्रार व अनुभवी आईपीएस अधिकारी डॉ राजीव नारायण मिश्र ने इसके पहले अतिरिक्त दायित्व के रूप में एसएसपी माघ मेला प्रयागराज के रूप में लगातार 03 बार, वर्ष 2021, 22 एवं 23 में सेवा देते हुए माघ मेले को सकुशल एवं निर्विघ्नं सम्पन्न कराया। वही इसी कड़ी में इसके अतिरिक्त डॉक्टर मिश्र एसपी कुशीनगर,एसएसपी एस.टी.एफ.एव ए.टी.एस. सहित अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों में भी सेवा दे चुके हैं।उनके



कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें राज्यपाल, पुलिस महानिदेशक व विभिन्न पुरस्कारों के साथ राष्ट्रपति भारत द्वारा प्रदत पदकों के साथ साथ दर्जन भर पदकों से सम्मानित किया जा चुका है।

## व्यावहारिक मनोविज्ञान के छात्र छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान के छात्र–छात्राओं का गुरूवार को नूर मंजिल मानसिक चिकित्सालय, लखनऊ में शैक्षिक भ्रमण किया गया। इसमें छात्रों ने मानसिक रोग से पीड़ित मरीजों से मिलकर उनकी काउंसिलिंग की। भ्रमण व्यावहारिक मनोविज्ञान की शिक्षिका डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी एवं डॉ0 सरिता पाठक के नेतृत्व में किया गया।नूर मंजिल मानसिक चिकित्सालय, लखनऊ की चिकित्सिका डा0 अंजली गुप्ता ने छात्रों को मानसिक रोगियों से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए बताया कि मादक द्रव्यों के सेवन से शरीर पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त मानसिक विकार भी उत्पन्न होने लगते है। जो सामान्य जीवन शैली के लिए हानिकारक सिद्ध होते है। इस दौरान छात्रों के प्रश्नों का समाधान डॉ0 अंजली द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान विभागीय शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## मत्स्य सम्पदा योजना समिति की हुई बैठक

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की जिलास्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की संक्षिप्त प्रस्तुति करण किया गया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तगर्त वर्ष 2022–23 में आन लाइन प्राप्त आवेदनो (51) में से मानक के अनुरूप अर्ह/योग्य पाये 36 लाभार्थियों का पोर्टल पर आन लाइन रैण्डमाइजेशन किया गया तथा परिणाम स्वरूप प्राप्त सूची का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर, सहायक निदेशक मत्स्य, उप निदेशक कृषि, सहायक अभियन्ता लघु सिचाई सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## स्क्रैपिंग केंद्र खोलने के संबंध में आरटीओ रितु सिंह व डीलरो के साथ बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शुक्रवार को ऋतु सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/ प्रवर्तन) अयोध्या की अध्यक्षता जनपद अयोध्या में स्क्रैपिंग पर सुविधा केन्द्र स्थापना हेतु जनपद के वाहन डीलरो की बैठक आयोजित की गयी।इस बैठक में सभी डीलरों को स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र खोले जाने के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रीकृत स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र की स्थापना के लिए नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्लूएस) पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। वही पुराने निष्प्रयोज्य वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए वाहन स्वामी द्वारा निक्षेपण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किए जाने के सापेक्ष नया निजी यान क्रय किए जाने के बाद उसके पंजीयन पर मोटरयान पर देय एकबारीय कर में 15 प्रतिशत छूट का प्राविधान किया गया है। इसके साथ ही साथ व्यवसायिक यान क्रय किए जाने पर वाहन कर में आठ वर्ष तक संदेय कर पर 10 प्रतिशत छूट प्रदान करने का प्राविधान भी है। इच्छुक व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं परिवहन व्यवसायी रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।मुख्यालय द्वारा रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा की स्थापना हेतु आवश्यक प्रारूप तथा अन्य विवरण विभागीय वेबसाइट नचजतंदेचवतज. नचेकब.हवअ.पद में स्क्रॅपिंग पालिसी पेज पर अपलोड किए गये हैं।मोटर यान नियमावली 2021 तथा परिवहन विभाग के शासनादेशों में उल्लिखित



प्राविधानों को पूर्ण करने वाले आवेदकों का प्रदेश में रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा हेतु पंजीयन किया जा रहा है। इस मौके पर अतिरिक्त आरटीओ (प्रशासन / प्रवर्तन) ऋतु सिंह ने डीलर्स को त्रुटिरहित मूल पता प्रमाण पत्र पंजीयन के समय अपलोड करने, एचएसआरपी नियमानुसार फिटमेंट शत प्रतिशत कराने, पेन्डेंसी न रखने आदि के सम्बन्ध में भी निर्देश दिए।बैठक में आर पी सिंह, एआरटीओ (प्रशासन) संदीप कुमार प्रभारी–एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वितीय दल महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा प्राइवेट लिमिटेड, प्रयाग उद्योग, टाटा मोटर्स, आर०के०बी०के० मोटर्स प्रा०लि० व गीता हुण्डई के प्रतिनिधियों के साथ लगभग एक दर्जन से अधिक डीलर व उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भगवान मैथिलीरमण राम के प्राकट्योत्सव में शामिल हुए कैसरगंज सांसद

अयोध्या।।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रसिद्ध पीठ श्रीरामाश्रम, रामकोट में विराजमान भगवान मैथिलीरमण राम का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह भगवान का 13वां प्राकट्य महोत्सव था। महोत्सव को पीठ के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती महाराज ने सानिध्यता प्रदान किया। प्राकट्य महोत्सव में कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी सम्मिलित हुए। जिन्होंने भगवान श्रीमैथिलीरमण राम का पूजन–अर्चन कर उनके प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा निवेदित किया। उत्सव से मंदिर प्रांगण आहलादित व उल्लासित नजर आया। पूरा माहौल भक्तिमय वातावरण रंगा रहा, जिसमें भक्तगण सराबोर होकर गोता लगा रहे थे। भक्तों ने ठाकुरजी के प्राकट्योत्सव में शामिल होकर अपना जीवन धन्य बनाया। सर्वप्रथम शुक्रवार प्रातःकाल मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान श्रीमैथिलीरमण राम का वैदिक मंत्रोच्चार संग पंचामृत और सुगंधित औषधियों से अभिषेक–पूजन हुआ। उसके बाद ठाकुरजी को नवीन वस्त्र धारण कराकर दिव्य श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात विविध व्यंजनों का भोग लगाकर महाआरती उतारी। फिर संत–महंत और भक्तगणों को भगवान के पाटोत्सव का प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर काफी संख्या में संत–महंत, भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले आचार्य शेषनारायण के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों ने स्वस्ति वाचन कर कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीरामाश्रम पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती महाराज



ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीमैथिलीरमण राम का प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। यह भगवान का 13वां पाटोत्सव रहा। राजोपचार विधि से ठाकुरजी का पूजन हुआ। सुबह वैदिक विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार संग पंचामृत और सुगंधित औषधियों से भगवान का अभिषेक–पूजन किया गया। तत्पश्चात नवीन वस्त्र धारण कराकर भव्य श्रृंगार किया। उसके बाद भोग लगा ठाकुरजी की दिव्य आरती उतारी। महोत्सव में मंदिर से जुड़े हुए संत–महंत व भक्तगण सम्मिलित हुए। जिन्होंने अपना जीवन कृतार्थ किया। प्राकट्योत्सव पर महंत बलराम दास हनुमानगढ़ी, चित्रकुटी मंदिर महंत उत्तम दास महात्यागी, स्वामी गयाशरण, पहलवान घनश्याम दास, स्वामीनाथ सिंह, अमरजीत सिंह काका, सोनू सिंह, महेंद्र त्रिपाठी, प्रियेश दास, लालू सिंह, श्रीनाथ मिश्र, अखिलेश पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

## गौआश्रय स्थलो में पर्याप्त चारे की व्यवस्था करें सुनिश्चित –डीएम नितीश कुमार

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत पशु क्रूरता निवारण समिति (एपीसीए) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एपीसीए समिति के सदस्यो द्वारा अपने–अपने कार्य क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की सूचना दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये। बैठक में मृत लावारिश पशुओं के निवारण हेतु नगर निगम/जिला पंचायत/ग्राम पंचायत में की जा रही कार्यवाही तथा नगर निगम में पेट्स का पंजीकरण कराने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतो में प्रधान द्वारा पशुचर की भूमि पर निराश्रित/अस्थाई गौआश्रय स्थल का निर्माण नियमानुसार कराये जाने तथा जनपद में संचालित गौआश्रय स्थलो में पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर, डीपीआरओ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### एनएच 330ए के चौड़ीकरण का कार्य लगभग पूर्ण के करीब

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अयोध्या धाम का तीव्र गति से हो रहा है चहुंमुखी विकास। जिसके तहत अयोध्या की ऐतिहासिक धरोहरों को सजोने एवम् संवारने के साथ ही यहां पर आवागमन की सुविधाओं को भी आधुनिक एवम् मजबूत किया जा रहा है। अयोध्या धाम व अयोध्या जनपद में आवागमन सुविधा को विश्वस्तरीय बनाने हेतु विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण एवम् सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। जनपद को जोड़ने वाले मार्गो का भी चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण करने तथा रोड फर्नीचर को आकर्षक एवम् आधुनिक बनाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 330ए (जगदीशपुर–अयोध्या सेक्शन) के चौड़ीकरण का 78ः कार्य पूर्ण हो चुका है। जनपद अयोध्या में एनएच 330ए की कुल लम्बाई 40.80 किमी है इसके चौड़ीकरण हेतु जनपद के विभिन्न तहसीलो के 37 ग्रामो (तहसील सदर (03 ग्राम), सोहावल (08 ग्राम) व मिल्कीपुर (26 ग्राम)) की कुल प्रस्तावित भूमि 39.94 हेक्टेयर व सरकारी भूमि कुल 10.36 हेक्टेयर के अधिग्रहण एवं पुर्नग्रहण का कार्य पूर्ण हो चुका है। एन0एच0 330ए के निर्माण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है जिसमें सड़क का 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण है तथा जनपद की सीमा में पड़ने वाले कुमारगंज फ्लाईओवर (लंबाई 1560 मीटर) का 75ः कार्य पूर्ण हो चुका है, रेलवे ओवर ब्रिज का भी 82 प्रशित कार्य पूर्ण है तथा दो वाहन अंडर पास एवम् मड़हा नदी पर ब्रिज का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। संबंधित कार्य संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि इसके समस्त कार्यों को निर्धारित समयवाधि 31 जुलाई 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

## मेडिकल स्टोर संचालक के घर आभूषण सहित दो लाख रुपए नगद की चोरी : जांच में जुटी पुलिस

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के पुलिस चौकी रानोपाली स्थित शारदा विहार कॉलोनी में रहने वाले मेडिकल स्टोर संचालक राजन तिवारी के घर शुक्रवार की देर रात चोरों ने चौनल व दरवाजे का ताला तोड़कर जेवरात व दो लाख रुपए नगद लेकर चलते बने।इसका पता पीड़ित को उस समय लगा जब वह सुबह छः बजे रोडवेज बस स्टेशन से दवा लेकर अपने घर पहुंचा।तब उसने देखा कि उसके घर के सामने चौनल व अंदर का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था।घटना की सूचना उन्होंने यूपी डायल हंड्रेड के साथ–साथ स्थानीय पुलिस चौकी रानोपाली व कोतवाली अयोध्या को दिया।सूचना मिलते ही कोतवाली अयोध्या प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा पुलिस कर्मियों व फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर इस चोरी के बारे में जांच करने में जुट गए।इस संबंध में तहरीर के माध्यम से भुक्तभोगी राजन तिवारी ने बताया कि वह दो दिन पहले अपने परिवार के साथ सूरापुर कादीपुर जिला सुल्तानपुर अपने ससुराल शादी में गया हुआ था।उसके बाद जब वह शुक्रवार को अपने घर आया तो देर रात दो बजे सूचना पर दवा लेने रोडवेज बस स्टेशन आ गया। परंतु रोडवेज बस दो घंटे लेट होने के चलते प्रातः चार पांच बजे तक आई।वह दवा लेकर जब सुबह छः बजे अपने घर पहुंचा तो देखा कि सामने का ताला और अंदर दरवाजे का भी ताला टूटा हुआ था और अलमारी के साथ–साथ लाकर लाकर खुला था और उसमें रखे सोने का



एक बेसलेट, दो अंगूठी,सोने की जंजीर,पायल व दो लाख रुपए नकद गायब था।इस कमरे में सामान इधर–उधर बिखरा था।वहीं से घटनास्थल से 50 मीटर की दूरी पर पर्स,आभूषण रखने वाले डिब्बे सहित अन्य सामान भी पड़े हुए थे।इस घटना के बारे में प्रभारी निरीक्षक अयोध्या मनोज शर्मा ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरी की घटना मानते हुए बताया कि फिंगरप्रिंट व फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट के आधार पर इस घटना का खुलासा शीघ्र से शीघ्र ही कर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि यहां पर सीसीटीवी कैमरे न होने चलते कोई फुटेज नहीं मिल सका है,लेकिन फॉरेंसिक रिपोर्ट फोरेंसिक टीम की मदद से पुलिस इस घटना की शीघ्र खुलासा कर देगी।

## उत्तर प्रदेश में कैंसिल होंगे बहुत सारे राशन कार्ड –विधानसभा स्पीकर

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। लखनऊ, यूपी। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को राज्य सरकार को जांच के बाद अपात्रों को जारी राशन कार्ड रद्द करने का निर्देश दिया। प्रश्नकाल के दौरान अयोध्या के गोसाईगंज निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक अभय सिंह ने यह मामला उठाया था। विधायक अभय सिंह के यह कहने के बाद कि वह मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, इसके बाद स्पीकर ने निर्देश जारी किया। सपा विधायक ने पूछा कि क्या सरकार को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा राज्य में नए राशन कार्ड जारी करने में देरी के बारे में पता था?विधायक अभय सिंह ने सरकार से यह भी जानना चाहा कि 2018 से 22 दिसंबर 2022 तक अयोध्या जिले में कितने नए राशन कार्ड जारी किए गए हैं और कितने आवेदन लंबित हैं। सदस्यों के प्रश्नों का मुख्यमंत्री की ओर से लिखित जवाब आया। बताया गया कि एक अप्रैल 2018 से दिसंबर 2022 के बीच प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध राज्य में कुल 1,33,03,625 राशन कार्ड जारी किये जा चुके हैं। अयोध्या जिले में इस अवधि के दौरान प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध कुल 1,44,628 राशन कार्ड जारी किए गए हैं और वर्तमान में केवल 658 राशन कार्ड आवेदन लंबित हैं। राज्य स्तर पर लंबित राशन कार्डों की संख्या 13,31,130 है।अभय सिंह ने पूरक प्रश्न उठाते हुए कहा कि कई अपात्रों को राशन कार्ड जारी कर दिए गए जबकि जरूरतमंदों के पास नहीं हैं। उन्होंने पूछा, "क्या सरकार इसकी जांच करवाएगी? उनके जवाब में मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि अगर उन्हें कोई विशेष शिकायत है तो उसकी जांच की जाएगी। इस पर असंतोष व्यक्त करते हुए अभय सिंह ने कहा कि यह एक राज्यव्यापी समस्या है, जिसके बाद स्पीकर ने मंत्री से इसकी सामान्य जांच करने और अपात्रों को जारी राशन कार्ड रद्द करने को कहा। वहीं मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में 25 करोड़ लोगों में से 14 करोड़ को मुफ्त राशन मिल रहा है। मंत्री चौधरी यूपी विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी की सदस्य रागिनी सोनकर द्वारा उठाए गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, "राज्य में 25 करोड़ से अधिक लोगों में से 14 करोड़ को मुफ्त राशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 13 फरवरी तक राज्य में लाभार्थियों को कुल 1,75,02,198 मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। वर्तमान में 235.39 रुपये प्रति सिलेंडर रिफिल सब्सिडी (वित्तीय सहायता) प्रदान की जा रही है।

## ईकोग्रीन एनर्जी कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : गोमतीनगर स्थित फन मॉल के पीछे नगर निगम के डंपिंग यार्ड में बृहस्पतिवार को कबाड़ में लगी भीषण आग ईकोग्रीन एनर्जी कंपनी की लापरवाही से लगी थी। यह दावा नगर निगम की तरफ से किया गया। पर्यावरण अभियंता ने शुक्रवार को ईकोग्रीन एनर्जी कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान ने पुलिस से शिकायत की है कि कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन (डंपिंग यार्ड) को ईकोग्रीन एनर्जी कंपनी को अस्थाई रूप से कूड़ा एकत्र कर और समय से उठान कराके शिवरी प्लांट पहुंचने के लिए दिया गया था।इसके बावजूद कंपनी ने हजारों




टन कूड़ा वहां डंप कर दिया और इसके कारण भीषण आग लग गई। पर्यावरण अभियंता का यह भी आरोप है कि पहले भी संस्था के पूर्व कार्यकारी अधिकारी को इस संबंध में नोटिस दिया गया था और जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बाद भी लापरवाही बरती गई।

## मनरेगा में घोटाले की मुख्यमंत्री से हुई शिकायत : बाहर शहर प्रदेश में रहने वालों के नाम बड़े पैमाने पर कर दिया गया भुगतान

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरूरपुर में मनरेगा योजना के तहत ग्राम प्रधान द्वारा मेट के साथ मिलकर गांव के निशक्त, ट्रक व पिकअप चालकों तथा बाहर शहर प्रदेश में रहने वाले लोगों और कभी भी मनरेगा कार्य में न जाने वाले अपने करीबी लोगों अनियमित तरीके से बड़े पैमाने पर भुगतान किए जाने का मामला पूरी तरह से गरमा गया है। ग्रामवासी नूरुल हसन शेख ने मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से करते हुए जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने अपने गांव के मनरेगा मेट धर्मेंद्र यादव पर आरोप लगाते हुए शिकायत की है कि उन्होंने अपने ही परिवार के 7 लोगों जिसमें स्वयं धर्मेंद्र पुत्र रामनाथ द्वारा 41700 रुपए, जितेंद्र पुत्र रामनाथ के नाम से 28032 रुपए, सुरेंद्र पुत्र रामनाथ के नाम से 39570 रुपए नरेंद्र पुत्र रामनाथ के नाम से 35943 रुपए तथा अपनी मां देव मती पत्नी रामनाथ के नाम से 62800 रुपए का भुगतान करा लिया गया है। यही नहीं चलने फिरने में असमर्थ वृद्ध महिला रूपा पत्नी राम धीरज के नाम से 27141 रुपए, तथा घर से बाहर शहर प्रदेश में रहने वाले दीपक पुत्र राम धीरज के नाम से 5112 रोहित पुत्र नरसिंह के नाम से 19650 रुपए तथा सुनील पुत्र राम लौट के नाम से 34266 रुपए तथा किराना व्यवसाई दिव्यांग रविंद्र कुमार के नाम से 35880 रुपए तथा ट्रक ड्राइवर दिनेश कुमार राममिलन के नाम से 14859 रुपए का भुगतान करा दिया गया है। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान ने गांव के अपने सजातीय लोगों पर महती कृपा बरसाते हुए मनरेगा योजना के तहत सरकारी धन को रेवड़ियो की तरह बांटा है। यह तो मात्र वानगी भर है। अगर वित्तीय वर्ष 2021 – 2022 एवं 2022– 2023 में मनरेगा योजना के तहत हुए भुगतान की गहनता से जांच पड़ताल हुई तो मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत सरूरपुर में बड़ा घोटाला उजागर होने के आसार है। शिकायतकर्ता ने मामले में उच्च स्तरीय समिति गठित कराते हुए जांच कराए जाने एवं दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी कायम कराने की मांग की है। प्रकरण के संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक यादव का कहना है कि मैं लोगों के बारे में जान नहीं पाया था और भुगतान हो गया है। मेरी ड्यूटी इस समय यूपी बोर्ड परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट पद पर लगी है। जल्दी ही इस मामले मैं स्वयं छानबीन करूंगा।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।